**Q.1) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. अशोक के शिलालेखों को पहली बार 1837 में अलेक्जेंडर कनिंघम द्वारा पढ़ा गया था।
2. दसवां शिलालेख (X Rock Edict) कलिंग के साथ अशोक के युद्ध के बारे में विवरण देता है

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.1) Solution (c)

अशोक के शिलालेखों को पहली बार 1837 में जेम्स प्रिंसप ने पढ़ा था।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

तेरहवां शिलालेख कलिंग के साथ अशोक के युद्ध के बारे में विवरण देता है

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.2) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. अशोक ने सीरिया के राजा एंटिओकस प्रथम से राजदूत के रूप में डीमाकस (Deimachus) प्राप्त किया था।
2. अशोक ने 240 ई.पू. में पाटलिपुत्र में द्वितीय बौद्ध परिषद आयोजित की थी।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.2) Solution (d)

बिन्दुसार ने सीरिया के राजा एंटिओकस प्रथम से राजदूत के रूप में डिमाकस प्राप्त किया था।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

अशोक ने 240 ई.पू. में पाटलिपुत्र में तीसरी बौद्ध परिषद आयोजित की थी। ताकि संघ को मजबूती मिल सके। इसकी अध्यक्षता मोग्गलिपुत्त तिस्स ने की थी।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.3) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. अमात्य के चयन की विधि को कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में विस्तार से दिया है।
2. मजबूत सेना होने के बावजूद मौर्य साम्राज्य के पास नौसेना (Navy wing) का अभाव था।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.3) Solution (a)

अमात्य के चयन की विधि को कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में विस्तार से दिया है।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

यूनानी लेखक प्लिनी के अनुसार, मौर्य सेना में छह लाख पैदल सेना, तीस हजार घुड़सवार, नौ हजार हाथी और आठ हजार रथ थे। इन चार कमानों के अलावा, नौसेना तथा परिवहन और आपूर्ति कमान प्रमुख थे।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

### Q.4) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. मिनाण्डर / मिलिंद ने शुंगों को हराकर पाटलिपुत्र को अपनी राजधानी बनाया था।
2. कनिष्क को विक्रम संवत और शक संवत दोनों का संस्थापक माना जाता था।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.4) Solution (c)

मिनाण्डर की अपनी राजधानी साकल (आधुनिक सियालकोट, पंजाब) में थी। वास्तव में उसे वसुमित्र ने पाटलिपुत्र पर अधिकार करने से रोक दिया था।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

कनिष्क शक संवत के संस्थापक थे, न कि विक्रम संवत के।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

### Q.5) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1. बौद्ध विद्वान नागार्जुन ने कनिष्क के दरबार को सुशोभित किया था।
2. कनिष्क ने अश्वघोष की अध्यक्षता में चौथी बौद्ध परिषद का आयोजन किया था।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.5) Solution (a)

कनिष्क ने नागार्जुन, अश्वघोष, चरक, वसुमित्र और कई अन्य प्रसिद्ध दार्शनिकों को संरक्षण दिया था।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

कनिष्क ने चौथी बौद्ध परिषद को वसुमित्र की अध्यक्षता में कुंडलवन (श्रीनगर के पास) में आयोजित किया था।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.6) चोल राज्य में समाज के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. शैववाद और वैष्णववाद दोनों का चोल काल के दौरान प्रसार हुआ।
2. राजशाही परिवारों में 'सती' प्रथा अनुपस्थित थी।
3. उत्तर चोल कालीन शिलालेखों में जाति के दो प्रमुख विभाजनों का उल्लेख है।

**उपरोक्त कथन में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 1 और 3
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2 और 3

## Q.6) Solution (b)

चोल काल के दौरान शैववाद और वैष्णववाद दोनों फलते-फूलते रहे। चोल राजाओं और रानियों के संरक्षण के साथ कई मंदिरों का निर्माण किया गया था।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

राजशाही परिवारों में 'सती' प्रथा प्रचलित थी।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

उत्तर चोल कालीन शिलालेखों में वलंगई और इलंगई जातियों के बीच दो प्रमुख विभाजनों का उल्लेख है।

**इसलिए कथन 3 सही है।**

**Q.7) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. भारत में शिलाकृत मंदिर (Rock cut temples) पल्लवों द्वारा प्रस्तुत किए गए थे।
2. पंचपांडव रथ मंदिर पांच अलग-अलग शैलियों का प्रतिनिधित्व करने वाले एकाश्म मंदिर हैं।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.7) Solution (c)

पल्लवों ने चट्टान से खुदाई करके मंदिरों निर्माण की कला प्रस्तुत की। वास्तव में, मंदिर वास्तुकला की द्रविड़ शैली पल्लव शासन से आरंभ हुई थी।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

पांच रथ, जिन्हें पंचपांडव रथ के नाम से जाना जाता है, मंदिर वास्तुकला की पांच अलग-अलग शैलियों को दर्शाता है।

**अतः कथन 2 सही है।**

**Q.8) पुलकेशिन II को चालुक्यों के सबसे महत्वपूर्ण शासकों में से एक माना जाता है। उसके बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है:**

1. ऐहोल शिलालेख उनके द्वारा जारी किया गया था, जो उनके शासनकाल का वर्णन करता है।
2. इसे हर्षवर्धन द्वारा नर्मदा नदी के तट पर पराजित किया गया था।

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें।**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.8) Solution (b)

हर्षवर्धन को पुलकेशिन द्वितीय ने नर्मदा के तट पर पराजित किया था।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.9) नरसिंहवर्मन प्रथम को पल्लव राजवंश के सबसे महान शासकों में से एक माना जाता है। नरसिंहवर्मन प्रथम के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. वह चालुक्य शासक पुलकेशिन द्वितीय की सेना से पराजित हुआ था।
2. वह मामल्लपुरम शहर के संस्थापक था तथा उनके शासनकाल के दौरान एकाश्म मंदिर बनाए गए थे।

**उपरोक्त कथन में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.9) Solution (b)

नरसिंहवर्मन प्रथम को मामल्ल के नाम से भी जाना जाता है, जिसका अर्थ 'महान पहलवान' (great wrestler) है। वह चालुक्य शासक पुलकेशिन द्वितीय के हाथों अपने पिता की पराजय का बदला लेना चाहता था। कांची के पास मणिमंगलम की लड़ाई में पुलकेशिन द्वितीय पर उनकी विजय का उल्लेख कूरम ताम्र लेख (Kuram copper plates) में किया गया है।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

वह मामल्लपूरम शहर के संस्थापक था तथा उनके शासनकाल के दौरान एकाश्म मंदिर बनाए गए थे।

**अतः कथन 2 सही है।**

**Q.10) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. राष्ट्रकूट ने व्यापक रूप से संस्कृत साहित्य को संरक्षण दिया था तथा कन्नड़ साहित्य ने इनके शासन के दौरान अपनी शुरुआत देखी थी।
2. राष्ट्रकूट शासक अमोघवर्ष प्रथम ने कन्नड़ भाषा में पहली काव्य कृति (poetic work) लिखी थी।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.10) Solution (c)

राष्ट्रकूटों ने व्यापक रूप से संस्कृत साहित्य को संरक्षण दिया था। राष्ट्रकूट दरबार में कई विद्वान थे।
राष्ट्रकूटों के काल में कन्नड़ साहित्य की शुरुआत हुई थी।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

अमोघवर्ष का कविराजमर्ग, कन्नड़ भाषा में पहला काव्यात्मक कार्य था।

**अतः कथन 2 सही है।**

**Q.1) भारत के केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (CZA) के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**

1. इसका गठन वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत किया गया है।
2. इसकी अध्यक्षता पर्यावरण मंत्री करते हैं।
3. यह दिशानिर्देश देता है और नियमों को निर्धारित करता है जिसके तहत पशुओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिड़ियाघरों में स्थानांतरित किया जा सकता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1
d) 1, 2 और 3

## Q.1) Solution (d)

**भारत का केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (CZA)**

- सीजेडए पर्यावरण मंत्री की अध्यक्षता में एक सांविधिक निकाय है तथा देश भर में चिड़ियाघरों को विनियमित करने का कार्य करता है।
- सीजेडए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत बनाया गया एक वैधानिक निकाय है।
- प्राधिकरण दिशानिर्देश देता है और नियमों को निर्धारित करता है जिसके तहत पशुओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिड़ियाघरों में स्थानांतरित किया जा सकता है।
- यह चिड़ियाघरों के बीच वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची -1 और II के तहत सूचीबद्ध लुप्तप्राय श्रेणी के जानवरों के आदान-प्रदान को नियंत्रित करता है।

**Source:** https://www.thehindu.com/news/national/ministry-reconstitutes-central-zoo-authority/article31964930.ece

**Q.2) गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (UAPA) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**

1. केवल एक संगठन को गैरकानूनी गतिविधियों (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी के रूप में नामित किया जा सकता है।
2. एनआईए द्वारा मामले की जांच किए जाने पर संपत्ति की जब्ती या कुर्की की मंजूरी देने के लिए इसने राज्य पुलिस को अधिकार दिया है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.2) Solution (d)

**गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (UAPA)**

- इसे 1967 में अधिनियमित किया गया था।
- इसका उद्देश्य भारत में गैरकानूनी गतिविधियों वाले संगठनों की प्रभावी रोकथाम करना है।
- अधिनियम के तहत, जांच एजेंसी गिरफ्तारी के बाद अधिकतम 180 दिनों में चार्जशीट दायर कर सकती है तथा न्यायालय को सूचित करने के बाद अवधि को और बढ़ाया जा सकता है।

**2019 में UAPA में किए गए संशोधन**

- अधिनियम में कुछ आधारों पर आतंकवादियों के रूप में व्यक्तियों को नामित करने के लिए अधिनियम में संशोधन किया गया था। पहले केवल संगठनों को ही आतंकवादी घोषित किया जा सकता था।
- एनआईए के महानिदेशक को यह अधिकार प्राप्त है कि जब मामले की एनआईए द्वारा जांच की जाती है तो संपत्ति की जब्ती या कुर्की की मंजूरी दे।
- पहले इसके लिए राज्य पुलिस की सहमति आवश्यक थी जिससे इस प्रक्रिया में विलंब होता था।

**Source:** **https://www.thehindu.com/news/national/india-designates-nine-individuals-linked-to-khalistani-groups-as-terrorists/article31964834.ece**

**Q.3) वस्तु एवं सेवा कर (GST) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. यह एक अम्ब्रेला कर है जो सभी प्रत्यक्ष करों को समाहित करेगा।
2. GST करों के अधिरोपण (cascading) को समाप्त कर देगा और कराधान को सरल बना देगा।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.3) Solution (b)**

जीएसटी एक मूल्य वर्धित कर (VAT) है जो वस्तुओं के निर्माण, बिक्री और उपभोग के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर सेवाओं पर एक व्यापक अप्रत्यक्ष कर है। यह भारतीय केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं पर लगाए गए सभी अप्रत्यक्ष करों का स्थान लेगा। इसका उद्देश्य अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं के लिए व्यापक होना है।

नीति निर्माताओं ने भारत जैसे संघीय देश में एकीकृत कराधान प्रणाली के लाभ को लगातार प्रतिध्वनित किया है।

लाभों की एक लंबी सूची है, जिनका जीएसटी कानून के परिणामस्वरूप दावा किया जा रहा है तथा ऐसा ही एक लाभ कैस्केडिंग कर प्रभाव को कम करना है। सरल शब्दों में "कैस्केडिंग कर प्रभाव" का अर्थ 'कर के ऊपर कर' है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें उपभोक्ता को कर और मुद्रास्फीति की कीमतों पर कर का भार उठाना पड़ता है।

**Source:** **https://www.thehindu.com/business/Economy/gst-revenue-collections-in-june-at-90917-crore/article31960842.ece**

**Q.4) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. राष्ट्रपति संसद के प्रत्येक सदन को ऐसे समय और स्थान पर मिलने के लिए बुलाता है, जब वह उचित समझे।
2. अध्यक्ष (Speaker) संसद के सत्रों को बुलाने और सत्रावसान के संबंध में राष्ट्रपति को सलाह देता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2

d) न तो 1 और न ही 2

**Q.4) Solution (a)**

**संविधान में अनुच्छेद 85 (1):**

"राष्ट्रपति समय-समय पर संसद के प्रत्येक सदन को ऐसे समय और स्थान पर मिलने के लिए बुलाता है जैसा कि वह उचित समझता है"

प्रधानमंत्री निचले सदन के नेता होता है। इस क्षमता में, वह संसद के सत्रों को बुलाने और सत्रावसान के संबंध में राष्ट्रपति को सलाह देता है।

दूसरे शब्दों में, हालांकि संसद को बुलाने की शक्ति राष्ट्रपति में निहित है, लेकिन राष्ट्रपति प्रधान मंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करता है।

**Source:** **https://indianexpress.com/article/explained/explained-ways-in-which-parliament-can-resume-functioning-6487267/**

**Q.5) "आत्मनिर्भर भारत योजना" (ANBS) के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. इसे प्रवासियों और अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों की खाद्य-सुरक्षा दुर्दशा को कम करने में मदद करने के लिए आरंभ किया गया था, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSA) या किसी अन्य राज्य पीडीएस योजना के तहत कवर नहीं किए गए थे।
2. इस योजना ने 80 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त में राशन वितरण का लक्ष्य रखा है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.5) Solution (a)**

**अत्मानिर्भर भारत योजना (AtmaNirbhar Bharat Scheme)**

अत्मानिर्भर भारत योजना के तहत 8 करोड़ प्रवासी व्यक्तियों (कुल 80 करोड़ NFSA लाभार्थियों का 10%) का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

देश भर में, अभूतपूर्व COVID-19 स्थिति के दौरान प्रवासी / फंसे हुए प्रवासी कामगारों / मजदूरों और अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों की खाद्य-सुरक्षा की दुर्दशा को कम करने में मदद करने के लिए योजना आरंभ की गई थी, जो एनएफएसए या किसी अन्य राज्य पीडीएस योजना के तहत कवर नहीं किए गए थे, या अपने एनएफएसए खाद्यान्नों तक पहुंच नहीं थी।

इस योजना के तहत, प्रवासियों / फंसे हुए प्रवासियों को दो महीने की अवधि, अर्थात मई और जून 2020 तक के लिए प्रति माह 5 किलो के आधार पर मुफ्त राशन प्राप्त करना था।

**Source: https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1635952**